Roll No.

1111

1111-158743

कक्षा 11वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2025-26

[120]

GEOGRAPHY

भूगोल

(Hindi & English Version)

[Total No. of Questions: 20] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 70]

निर्देश —

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक, सही जोड़ी 5 अंक एवं एक वाक्य में उत्तर 5 अंक के होंगे।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 12 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 13 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 20 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं।

Instructions -

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question number 1 to 5 are Objective Type Questions, which includes Multiple choice question (6 marks), Fill in the blanks (6 marks), True/False (6 marks), Match the following (5 marks) and one sentence answer (5 marks).

(iii) Internal choice are provided in Question number 6 to 20.

(iv) Question number 6 to 12 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. The word limit is approximately 30 words.

(v) Question number 13 to 17 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. The word limit is approximately 75 words.

(vi) Question number 18 to 19 are long answer type questions. Each question carries 4 marks. The word limit is approximately 120 words.

(vii) Question number 20 is based on the Map of India. The question carries 5 marks.

MPBoardHub

प्र.1 सही विकल्प चुनिए — **(1×6=6)**

(i) निम्नलिखित में से एक का सम्बन्ध आर्थिक भूगोल से नहीं है –

(अ) कृषि

(ब) प्रवास

(स) उद्योग

(द) पर्यटन

(ii) निम्नलिखित में से वर्तमान में वायुमण्डल के विकास की अवस्थाएँ हैं –

(अ) दो

(ब) चार

(स) तीन

(द) पाँच

(iii) निम्नलिखित में से पृथ्वी सूर्य से सबसे निकट होती है –

(अ) 3 जनवरी को

(ब) 4 जुलाई को

(स) 21 जून को

(द) 22 सितम्बर को

(iv) निम्नलिखित देशों में से एक देश क्षेत्रफल में भारत से बड़ा है –

(अ) चीन

(ब) फ्रांस

(स) मिस्र

(द) ईरान

(v) निम्नलिखित में से अंडमान और निकोबार को जल क्षेत्र अलग करता है –

(अ) 11° चैनल

(ब) 10° चैनल

(स) मन्नार की खाड़ी

(द) अंडमान सागर

(vi) निम्नलिखित में से भारत में औसत वार्षिक वर्षा होती है –

(अ) 225 सेंटीमीटर

(ब) 125 सेंटीमीटर

(स) 150 सेंटीमीटर

(द) 250 सेंटीमीटर

Choose the correct -

(i) Which one of the following is not related to economic geography?

(a) Agriculture

(b) Migration

(c) Industry

(d) Tourism

(ii) Which of the following is the present stage of evolution of the atmosphere?

(a) Two

(b) Four

(c) Three

(d) Five

MPBoardHub

(iii) On which of the following date, the Earth is closest to the Sun?

(a) 3 January

(b) 4 July

(c) 21 June

(d) 22 September

(iv) Which one of the following countries is larger than India in area?

(a) China

(b) France

(c) Egypt

(d) Iran

(v) Which of the following water bodies, separates Andaman and Nicobar?

(a) 11 degree channel

(b) 10 degree channel

(c) Gulf of Mannar

(d) Andaman Sea

(vi) Which of the following is the average annual rainfall in India?

(a) 225 cm

(b) 125 cm

(c) 150 cm

(d) 250 cm

प्र.2 खाली स्थान भरिए — **(1×6=6)**

(i) भूगोल शब्द, ... भाषा के दो मूल 'geo' एवं 'graphos' से प्राप्त किया गया है।

(ii) प्रारंभिक वायुमंडल में हाइड्रोजन व ..... गैसों की अधिकता थी।

(iii) टिलाइट वे अवसादी चट्टानें हैं, जो ..... निक्षेपण से निर्मित हैं।

(iv) पेडालॉजी ..... विज्ञान है।

(v) वर्तमान अनुमान के अनुसार, पृथ्वी की आयु लगभग ..... करोड़ वर्ष है।

(vi) मेघालय की खासी पहाड़ियों में स्थित चेरापूँजी और ..... में औसत वार्षिक वर्षा 1080 से.मी. से भी अधिक है।

Fill in the blanks -

(i) The word geography is derived from two ..... words 'geo' and 'graphos'.

(ii) The early atmosphere was rich in hydrogen and ..... gases.

(iii) Tillite is a sedimentary rock that are formed by..... deposition.

(iv) Pedology is ..... science.

(v) According to current estimates, the age of the Earth is approximately ..... crore years.

(vi) Cherrapunji and ..... located in the Khasi hills of Meghalaya have an average annual rainfall of more than 1080 cm.

प्र.3 सत्य / असत्य लिखिए — **(1×6=6)**

(i) 'अनाच्छादन' शब्द का अर्थ है – आवरण हटाना।

(ii) लैपीज़ भौम जल से निर्मित स्थलाकृति है।

(iii) समुद्र तल पर औसत वायुमंडलीय दाब 1013.2 मिलीबार होता है।

(iv) क्षेत्रफल की दृष्टि से, भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

(v) उत्तरी भारत का मैदान गंगा, नर्मदा और सोन नदियों द्वारा बहाकर लाए गए निक्षेप से बना है।

MPBoardHub

(vi) झेलम, गंगा नदी की महत्वपूर्ण सहायक नदी है।

Write true/false -

(i) The meaning of the word 'denude' is strip off or uncover.

(ii) Lapis is a topography formed by ground water.

(iii) The average atmospheric pressure at sea level is 1013.02 millibars.

(iv) According to area, India is the second largest country in the world.

(v) The plains of North India are made up of deposits carried by the Ganga, Narmada and Son rivers.

(vi) Jhelum is main tributary of the river Ganga.

प्र.4 सही जोड़ियाँ मिलाइए — **(1×5=5)**

अ	**ब**
(i) भूकंपीय तीव्रता	(अ) अमरकंटक
(ii) ज्वालामुखी	(ब) मुलताई
(iii) सूर्यातप	(स) रिक्टर स्केल
(iv) नर्मदा	(द) बाथोलिथ
(v) तापी	(ई) पृथ्वी को प्राप्त होने वाली ऊर्जा

Match the correct pairs -

A	**B**
(i) Earthquake intensity	(a) Amarkantak
(ii) Volcano	(b) Multai
(iii) Isolation	(c) Richter scale
(iv) Narmada	(d) Batholith
(v) Tapi	(e) Energy received by the Earth

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए — **(1×5=5)**

(i) बालू-टिब्बों का निर्माण किन क्षेत्रों में होता है?

(ii) लगभग कितनी ऊँचाई पर ऑक्सीजन की मात्रा नगण्य हो जाती है?

(iii) समुद्र पर टोरनेडो को क्या कहते हैं?

(iv) भारत का क्षेत्रफल कितना है?

(v) 'दक्षिण गंगा' के नाम से किस नदी को जाना जाता है?

Write the answer in one sentence -

(i) In which areas are sand dunes formed?

(ii) At approximately what height does the amount of oxygen becomes negligible?

(iii) What are tornados called over the ocean?

(iv) What is the area of India?

(v) Which river is known as 'Dakshin Ganga'?

MPBoardHub

प्र.6 भूकंप के कोई दो प्रकार लिखिए। **(2)**
Write any two types of earthquake.

अथवा / OR

ज्वालामुखी के कोई दो प्रकार लिखिए।
Write any two types of volcanoes.

प्र.7 मृदा निर्माण को नियंत्रित करने वाले कोई दो कारक लिखिए। **(2)**
Write any two factors that control soil formation.

अथवा / OR

किन्हीं दो ऐसे अनुप्रयुक्त बलों के नाम लिखिए जिन पर भौतिक या यांत्रिक अपक्षय प्रक्रियाएं निर्भर होती हैं।
Write the names of any two applied forces on which physical or mechanical weathering processes depend.

प्र.8 क्षोभ मण्डल की कोई दो विशेषताएं लिखिए। **(2)**
Write any two characteristics of troposphere.

अथवा / OR

ओजोन परत के कोई दो महत्त्व लिखिए।
Write any two importance of ozone layer.

प्र.9 भारत की मानक याम्योत्तर किस देशांतर रेखा को चुना गया है? भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य समय से कितने घंटे आगे है? **(2)**
Which longitude line has been chosen as India's standard meridian? How many hours is Indian standard time ahead of Greenwich mean time?

अथवा / OR

स्कूल भुवन एप के कोई दो महत्त्व लिखिए।
Write any two importance of school bhuvan app.

प्र.10 किन्हीं दो बिंदुओं के आधार पर हिमालय की नदियों व प्रायद्वीपीय भारत की नदियों की तुलना कीजिए। **(2)**
Compare the rivers of the Himalayas and rivers of Peninsular India on the basis of any two points.

अथवा / OR

नदी द्रोणी और जल संभर में मुख्य अंतर लिखिए।
Write the main difference between river basin and watershed.

प्र.11 नदी जल प्रदूषण के कोई दो कारण लिखिए। **(2)**
Write any two causes of river water pollution.

अथवा / OR

नमामि गंगे कार्यक्रम के किन्हीं चार स्तंभों के नाम लिखिए।
Write the names of any four pillars of Namami Ganga Programme.

प्र.12 भारत में ग्रीष्म ऋतु में आने वाले किन्हीं चार प्रसिद्ध तूफानों के नाम लिखिए। **(2)**
Write the names of any four famous storms that occur in the summer season in India.

अथवा / OR

तमिलनाडु तट वर्षा ऋतु में शुष्क क्यों रह जाता है? इसके कोई दो कारक लिखिए।
Why does the Tamil Nadu coast remain dry during the rainy season? Write any two factors.

प्र.13 भौतिक भूगोल की किन्हीं तीन शाखाओं का वर्णन कीजिए। **(3)**

MPBoardHub

Describe any three branches of physical geography.

अथवा / OR

मानव भूगोल की किन्हीं तीन शाखाओं का वर्णन कीजिए।
Describe any three branches of human geography.

प्र.14 महाद्वीपीय विस्थापन के पक्ष में कोई तीन प्रमाणों का वर्णन कीजिए। **(3)**
Describe any three evidences in support of continental drift.

अथवा / OR

प्लेट संचरण के फलस्वरूप कौनसी तीन प्रकार की प्लेट सीमाएं बनती हैं? उनका वर्णन कीजिए।
Describe the three types of plate boundaries that are formed as a result of plate friction.

प्र.15 तापमान को नियंत्रित करने वाले कोई तीन कारक लिखिए। **(3)**
Write any three factors that control temperature.

अथवा / OR

वायुमंडल के तापन एवं शीतलन की तीन प्रक्रियाएं लिखिए व वर्णन कीजिए।
Write and describe three processes of heating and cooling of the atmosphere.

प्र.16 जब आप कश्मीर से कन्याकुमारी की यात्रा कर रहे हों तब मार्ग में पड़ने वाली किन्हीं तीन भारतीय भौतिक विविधताओं का वर्णन कीजिए। **(3)**
When you are travelling from Kashmir to Kanyakumari, describe any three Indian physical variations that you will come across on the way.

अथवा / OR

भारत के मानचित्र को ध्यान में रखते हुए प्रायद्वीपीय भारत की सामुद्रिक स्थिति के कोई तीन महत्त्व लिखिए।
Keeping in mind the map of India, write any three significances of the maritime position of Peninsular India.

प्र.17 पूर्वी तटीय मैदानों और पश्चिमी तटीय मैदानों में कोई तीन-तीन अंतर लिखिए। **(3)**
Write any three differences between the eastern coastal plains and the western coastal plains.

अथवा / OR

बंगाल की खाड़ी के द्वीप समूहों एवं अरब सागर के द्वीप समूहों में कोई तीन-तीन अंतर लिखिए।
Write any three differences between the islands of the Bay of Bengal and the Arabian Sea.

प्र.18 प्रवाहित जल द्वारा अपरदन से निर्मित किन्हीं चार स्थल-रूपों का वर्णन कीजिए। **(4)**
Describe any four landforms created by flowing water erosion.

अथवा / OR

पवनों द्वारा अपरदन से निर्मित किन्हीं चार स्थल-रूपों का वर्णन कीजिए।
Describe any four landforms created by wind erosion.

प्र.19 भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कोई चार कारक लिखिए। **(4)**
Write any four factors affecting the climate of India.

अथवा / OR

किन्हीं चार बिन्दुओं के आधार पर भारत की वर्षा का वितरण समझाकर लिखिए।
Explain and write the distribution of rainfall in India on the basis of any four points.

प्र.20 निम्नलिखित बिंदुओं को भारत के नक्शे पर दर्शाइए — **(5)**

(i) सिंधु नदी

MPBoardHub

(ii) चिल्का झील

(iii) भारतीय मरुस्थल

(iv) शिलांग

(v) विंध्य पर्वत श्रेणी

Mark the following points on the map of India -

(i) Indus river

(ii) Chilka Lake

(iii) Indian desert

(iv) Shilong

(v) Vindhya mountain range

अथवा / OR

निम्नलिखित बिंदुओं को भारत के नक्शे पर दर्शाइए —

(i) गंगा नदी

(ii) अरब सागर

(iii) कंचनजंगा

(iv) मुंबई

(v) अरावली श्रेणी

Mark the following points on the map of India -

(i) Ganga river

(ii) Arabian sea

(iii) Kanchenjunga

(iv) Mumbai

(v) Aravalli range

.....

MPBoardHub